# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Periodic Test 1(Round-2) (2025 – 2026)

**Class : XII** **MM: 20**

**Subject: Hindi** **Time: 1 :00 Hr**

Name: .------------------------------------ Roll No.:___________

---

सामान्य निर्देशः सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

हमारी सोच के दायरे में

हमारे रिश्तों के बेशकीमती नगीने हैं

मैं इसे छू लेना चाहती हूँ

चलना चाहती हूँ साथ-साथ तुम्हारी परछाई की तरह

हमारे फूल-तुम्हारे नक्शे तुम उलझे हुए आदमी हो

तुम सुलझा नहीं सके समय की लट को

तुमने नहीं सीखा खुशियों से खेलना

तुम्हें नहीं आता सीधे-सरल सवालों के जवाब देना

तुमने तो यह भी नहीं समझा कि

डूबते हुए आदमी को तिनके का सहारा होता है

तुमने नहीं सीखा समंदर में उतरना

झंझावत भँवर कुंड से नाव को बचाना

सीखा है बंद सात कोठरी के भीतर चीखों को बंद करना

तुमने सीखा है अंकुश के बालों से सीने छलनी करना

सीख लिया गर्म कोलतार जैसे परमादेशों को देह पर कैसे दागा जाता

तुमने अपनी निजी संस्कृति के हवन कुंड में

जिंदा लोगों की आहुतियाँ दी हैं...... पर

वर्तमान को यह पसंद नहीं उगते हुए पौधे

तुम्हारे साए के पीछे-पीछे चल रहे हैं

वह दिन दूर नहीं

जब हमारी फुलवारी के फूल

तुम्हारे बनाए नक्शों को रौंदेंगे....

बहुविकल्पीय प्रश्न

(क) रिश्ते की तुलना किससे की गई है? (1)

(i) नगीने से (ii) सोने से

(iii) चाँदी से (iv) मोती से

(ख) कविता में भँवर और कुंड प्रतीकार्थ हैं (1)

(i) जीवन के संघर्षों के (ii) लेन-देन के

(iii) गरीबो के सहायक (iv) ये सभी

(ग) फुलवारी के फूल किसे कहा गया है ? (1)

(i) वृद्ध व्यक्ति को (ii) नवयुवक को

(iii) स्त्रियों को (iv) समाज को

(घ) 'तुमने नहीं सीखा समुद्र में उतरना' के माध्यम से कवि का क्या आशय है ? (1)

(ङ) मनुष्य किस कारण खुशियों से खेलना सीख नहीं पाता ? (1)

**प्र02 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

'पहलवान की ढोलक' कहानी में दंगल में विजयी होने के पश्चात लुट्टन सिंह की जीवन शैली में क्या परिवर्तन आया ? (3)

ख ढोलक की आवाज का पूरे गाँव पर क्या असर होता था ? 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर लिखिए। (2)

**प्र03 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

क कैमरे में बंद अपाहिज' कविता को आप करुणा की कविता मानते हैं या क्रूरता की ? तर्कसम्मत उत्तर दीजिए। (3)

ख 'परदे पर वक्त की कीमत है' कथन किस बात की ओर संकेत करता है ? कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (2)

**प्र04** जूझ कहानी का कथानायक किशोर छात्रों के लिए एक आदर्श प्रेरणास्रोत है। कहानी के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए। (5)

**अथवा**

'जूझ' कहानी के आधार पर लेखक के जीवन संघर्ष को संक्षेप में वर्णन कीजिए।

——000——